जल्दी ही सड़कों पर हवा से दौड़ती नजर आयेंगी गाड़ियां

Posted on August 11, 2020
Author/टुडे इंडिया न्यूज24 ब्यूरो
Comment (0) | **Spread the love**



टुडे इंडिया न्यूज 24 – जहाँ डीजल, पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से लोगों में निराशा देखी जा रही है। साथ ही दो पहिया गाड़ियों के दाम भी अधिक हैं। तथा तेल के बढ़ते दाम को देख लोग दांतों तले उंगली दबा रहे हैं।

वहीं देश के लिए एक राहत भरी खबर है, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ जो कि अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। उसके तकनीक के महानिदेशक प्रो.भरत राज सिंह ने लगभग दस वर्ष पहले हवा से चलने वाले "एरो मोटरबाइक इंजन का अविष्कार कर लिया था। उसको भारत सरकार ने पेटेंट का प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।



INTELLECTUAL PROPERTY INDIA
PATENTS | DESIGNS | TRADE MARKS
GEOGRAPHICAL INDICATIONS

सत्यमेव जयते

क्रमांक : 011124995
SL No :

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पेटेंट कार्यालय
THE PATENT OFFICE
पेटेंट प्रमाणपत्र
PATENT CERTIFICATE
(Rule 74 Of The Patents Rules)

पेटेंट सं. / Patent No.	:	342731
आवेदन सं. / Application No.	:	2412/DEL/2010
फाइल करने की तारीख / Date of Filing	:	08/10/2010
पेटेंटी / Patentee	:	1.BHARAT RAJ SINGH 2.ONKAR SINGH

प्रमाणित किया जाता है कि पेटेंटी को उपरोक्त आवेदन में यथाप्रकटित "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" नामक आविष्कार के लिए, पेटेंट अधिनियम, १९७० के उपबंधों के अनुसार आज तारीख 8th day of October 2010 से बीस वर्ष की अवधि के लिए पेटेंट अनुदत्त किया गया है।

It is hereby certified that a patent has been granted to the patentee for an invention entitled "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" as disclosed in the above mentioned application for the term of 20 years from the 8th day of October 2010 in accordance with the provisions of the Patents Act,1970.

THE PATENT OFFICE
GOVT.OF INDIA

अनुदान की तारीख : 28/07/2020
Date of Grant :

पेटेंट नियंत्रक
Controller of Patent

टिप्पणी - इस पेटेंट के नवीकरण के लिए फीस, यदि इसे बनाए रखा जाना है, 8th day of October 2012को और उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष में उसी दिन देय होगी।
Note. - The fees for renewal of this patent, if it is to be maintained will fall / has fallen due on **8th day of October 2012** and on the same day in every year thereafter.

(मंगलवार 11 अगस्त 2020) को

प्रो0 भरत राज सिंह ने टुडे इंडिया न्यूज 24 - के प्रधान संपादक आशुतोष तिवारी से वार्ता करते हुए बताया कि इंजन का तकनीकी परीक्षण लगातार कई वर्षों से हो रहा था। और यह प्रयोग पूर्ण रुप से सफल है। लोग अपनी बाइक में पांच, रुपये की हवा लेकर लगभग चालीस किलोमीटर तक जा सकते हैं।

गाड़ी की गति भी अन्य गाड़ियों की तरह ही रहेगी उन्होने कहा कि इससे हमारे देश का जो पैसा डीजल, पेट्रोल के आयात में खाड़ी देशों जाता है। वह काफी बचेगा साथ ही पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा क्योंकि इस इंजन से आवाज या धुंआ नहीं निकलेगा। प्रो0 सिंह ने कहा कि देश में स्थापित कंपनी, बजाज, होंन्डा, रायल-इन-फील्ड, महिंद्रा तथा टाटा आदि से सम्पर्क कर हवा से चलने वाले इंजन की बाइक शीघ्र बाजार में लांच कराने का प्रयास किया जा रहा है।

****